हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड निर्माण मण्डल-1 कसोनी, शिमला-171002
के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन ।

-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-:-

<u>अंकेक्षण की अवधि 4/96 से 3/97</u>

<u>भाग-1</u>

1. <u>गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदन</u> :- गत लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों की वर्तमान स्थिति निम्न दी जाती है । अनिर्णीत पैरों के शीघ्र निपटारे हेतु आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालन से इस विभाग को अवगत करवाया जाए ।

(क) <u>लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि 4/84 से 3/85</u> :-

| | |
|---|---|
| 1. पैरा 4 | अनिर्णीत |
| 2. पैरा 6(10)(ए) | अनिर्णीत |

(ख) <u>लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि 4/87 से 3/88</u> :-

| | |
|---|---|
| 1. पैरा 5(1) | अनिर्णीत |
| 2. पैरा 5(3) | अनिर्णीत |
| 3. पैरा 5(4) | अनिर्णीत |
| 4. पैरा 5(6) | अनिर्णीत |

(ग) <u>लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि 4/88 से 3/89</u> :-

| | |
|---|---|
| 1. पैरा 4(2)(3) | अनिर्णीत |
| 2. पैरा 4(4)(डी)(एफ) | अनिर्णीत |
| 3. पैरा 4(11,12) | अनिर्णीत |
| 4. पैरा 9 | अनिर्णीत |
| 5. पैरा 12(9) | अनिर्णीत |

(घ) <u>लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि 4/89 से 3/90</u> :-

| | |
|---|---|
| 1. पैरा 4(5)(डी) | अनिर्णीत |
| 2. पैरा 4(6)(बी), 4(8), 4(11,12) | अनिर्णीत |
| 3. पैरा 4(17) | अनिर्णीत |
| 4. पैरा 4(18) | अनिर्णीत |
| 5. पैरा 4(20) | अनिर्णीत |
| 6. पैरा 5(1) | अनिर्णीत |
| 7. पैरा 5(3) | अनिर्णीत |
| 8. पैरा 5(9) | अनिर्णीत |
| 9. पैरा 6(1) | अनिर्णीत |
| 10. पैरा 7 | अनिर्णीत |

(ड.) <u>लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि 4/90 से 3/91</u> :-

| | |
|---|---|
| 1. पैरा 5(क-1,2) | अनिर्णीत |
| 2. पैरा 5(ख-1 से 8 तक) | अनिर्णीत |
| 3. पैरा 5(ग-1 से 4 तक) | अनिर्णीत |
| 4. पैरा 5(घ-5 से 7 तक) | अनिर्णीत |
| 5. पैरा 5(ड.-1 से 3 तक) | अनिर्णीत |
| 6. पैरा 5(च-1 से 7 तक) | अनिर्णीत |
| 7. पैरा 5(छ) | अनिर्णीत |

लगातार पृ0..2/-

| | |
|---|---|
| 8. पैरा 5(ज) | अनिर्णीत |
| 9. पैरा 5(झ तथा ट) | अनिर्णीत |
| 10. पैरा 5(ठ-1,2) | अनिर्णीत |
| 11. पैरा 5(ड-1 से 4 तक) | अनिर्णीत |
| 12. पैरा 5(ढ-2 से 6 तक) | अनिर्णीत |
| 13. पैरा 5(त) | अनिर्णीत |
| 14. पैरा 5(द)(3) | अनिर्णीत |
| 15. पैरा 5(ब,भ,म) | अनिर्णीत |
| 16. पैरा 6(क,ग,घ,ङ.) | अनिर्णीत |
| 17. पैरा 7(क) | अनिर्णीत |
| 18. पैरा 10(ख) | अनिर्णीत |
| 19. पैरा 11(ख) | अनिर्णीत |
| 20. पैरा 12 | अनिर्णीत |
| 21. पैरा 13(ग,घ,ङ.) | अनिर्णीत |
| 22. पैरा 14(क,ख,ग,घ,ङ.,च) | अनिर्णीत |
| 23. पैरा 15(ख,ग) | अनिर्णीत |
| 24. पैरा 16(क-1,2,ख,घ,ङ.,झ,ञ तथा ट | अनिर्णीत |

(च) <u>लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि 4/91 से 3/92 तक</u> :-

| | |
|---|---|
| 1. पैरा 5(ङ.,च,छ-1,2,ज,झ,ञ-1,ट,ड-2,ण,त | अनिर्णीत |
| 2. पैरा 6(ख-1 से 3,ग,ङ., तथा च) | अनिर्णीत |
| 3. पैरा 9(क,ग,घ) | अनिर्णीत |
| 4. पैरा 10(क,ख) | अनिर्णीत |
| 5. पैरा 11(ख) | अनिर्णीत |
| 6. पैरा 12(क,ख-2,घ,ठ-1 से 2 | अनिर्णीत |

(छ) <u>लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि 4/93 से 3/94</u> :-

| | |
|---|---|
| 1. पैरा 7(क) | अनिर्णीत |
| 2. पैरा 7(ख) | अनिर्णीत |
| 3. पैरा 7(ग) | अनिर्णीत |
| 4. पैरा 12(ग) | अनिर्णीत |
| 5. पैरा 12(घ) | अनिर्णीत |
| 6. पैरा 12(च) | अनिर्णीत |
| 7. पैरा 19 | अनिर्णीत |
| 8. पैरा 21 | अनिर्णीत |
| 9. पैरा 27(क) | अनिर्णीत |
| 10. पैरा 28(क,ख) | अनिर्णीत |
| 11. पैरा 29(क) | अनिर्णीत |
| 12. पैरा 32(ख तथा ग) | अनिर्णीत |
| 13. पैरा 33(क तथा ख) | अनिर्णीत |

(ज) <u>अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/94 से 3/95</u> :-

| | |
|---|---|
| 1. पैरा 6 | निर्णीत |
| 2. पैरा 7 | अनिर्णीत |

लगातार पृ0..3/-

| | |
|---|---|
| 3. पैरा 8(ख) | अनिर्णीत |
| 4. पैरा 9 | अनिर्णीत |
| 5. पैरा 10 | अनिर्णीत |
| 6. पैरा 12 | निर्णीत |
| 7. पैरा 13 | अनिर्णीत |
| 8. पैरा 14(ख) | अनिर्णीत |
| 9. पैरा 16 | अनिर्णीत |
| 10. पैरा 17 | निर्णीत |
| 11. पैरा 18(क,ख,घ) | निर्णीत |
| 12. पैरा 18(ग) | अनिर्णीत |
| 13. पैरा 19 | निर्णीत |
| 14. पैरा 23 | अनिर्णीत |
| 15. पैरा 24 | अनिर्णीत |
| 16. पैरा 25 | निर्णीत |
| 17. पैरा 26 | निर्णीत |
| 18. पैरा 27 | निर्णीत |
| 19. पैरा 28 | निर्णीत |
| 20. पैरा 28(क) | निर्णीत |
| 21. पैरा 29 | निर्णीत |
| 22. पैरा 30 | निर्णीत |

(ग) <u>अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/95 से 3/97</u> :-

| | |
|---|---|
| 1. पैरा 4 | निर्णीत |
| 2. पैरा 5 | निर्णीत |
| 3. पैरा 6 | निर्णीत |
| 4. पैरा 7 | निर्णीत |
| 5. पैरा 8(1,2,3,4,5,6,7,8) | अनिर्णीत |
| 6. पैरा 9 | अनिर्णीत |
| 7. पैरा 10 | निर्णीत |
| 8. पैरा 11 | अनिर्णीत |
| 9. पैरा 12 | अनिर्णीत |
| 10. पैरा 13 | अनिर्णीत |
| 11. पैरा 14 | निर्णीत |
| 12. पैरा 15 | अनिर्णीत |
| 13. पैरा 16 | अनिर्णीत |
| 14. पैरा 17 | अनिर्णीत |
| 15. पैरा 18 | निर्णीत |
| 16. पैरा 19 | निर्णीत |
| 17. पैरा 20 | अनिर्णीत |
| 18. पैरा 21 | निर्णीत |
| 19. पैरा 22 | अनिर्णीत |
| 20. पैरा 23 | अनिर्णीत |
| 21. पैरा 28 | अनिर्णीत |

लगातार पृ0..4/-

| | | |
|---|---|---|
| 22. | पैरा 25 | अनिर्णीत |
| 23. | पैरा 26 | निर्णीत |
| 24. | पैरा 27 | अनिर्णीत |
| 25. | पैरा 28 | अनिर्णीत |
| 26. | पैरा 29 | निर्णीत |
| 27. | पैरा 30 | निर्णीत |
| 28. | पैरा 31 | निर्णीत |
| 29. | पैरा 32 | अनिर्णीत |
| 30. | पैरा 33 | निर्णीत |
| 31. | पैरा 34 | अनिर्णीत |
| 32. | पैरा 35 | निर्णीत |
| 33. | पैरा 36 | निर्णीत |
| 34. | पैरा 37 | निर्णीत |
| 35. | पैरा 38 | अनिर्णीत |
| 36. | पैरा 39 | अनिर्णीत |
| 37. | पैरा 40 | अनिर्णीत |
| 38. | पैरा 41 | निर्णीत |
| 39. | पैरा 42 | अनिर्णीत |
| 40. | पैरा 43 | अनिर्णीत |
| 41. | पैरा 44 | अनिर्णीत |
| 42. | पैरा 45 | निर्णीत |
| 43. | पैरा 46 | अनिर्णीत |

## भाग-II

2. वर्तमान लेखा परीक्षा :- आवास बोर्ड निर्माण मण्डल-I के अवधि 4/96 से 3/97 तक के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण, जिसके परिणाम आगामी पैरों में दिए जाते हैं, सर्व श्री लेख राज, शेर सिंह कश्यप, हेम राज भारद्वाज तथा सुरेश गुप्ता, अनुभाग अधिकारियों द्वारा श्री होशियार सिंह, उप नियन्त्रक के पर्यवेक्षण में दिनांक 8.7.97 से 7=8=9 7.8.97 तक शिमला में किया गया । मास 7/96 तथा 3/97 के लेखाओं का विस्तृत जांच हेतु चयन किया गया तथा निम्न पैरों में वर्णित अभिलेख के अतिरिक्त अन्य समस्त अभिलेख अंकेक्षण पर प्रस्तुत किया गया ।

3. लेखा परीक्षा शुल्क :- निर्माण मण्डल-I के वर्ष 1996-97 के लेखाओं के लेखा परीक्षा शुल्क को राजकोष कोष में जमा कराने हेतु हि०प्र० आवास बोर्ड मुख्यालय को पृथक से सूचित किया जाएगा ।

4. अग्रिम :- (क) कर्मचारी वर्ग को अग्रिम :- निर्माण मण्डल-I के अधीन कार्यरत विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम दिनांक 31.3.97 को निम्नलिखित राशियां विभिन्न अग्रिमों के रूप में समायोजन हेतु बकाया पड़ी थी जिनका पूर्ण विवरण आवास बोर्ड के वार्षिक लेखों में वर्णित है । इन अग्रिम राशियों को समय पर न बारे करने की स्थिति को बोर्ड के प्राधिकारियों के ध्यानार्थ आगा

उचित कार्यवाही हेतु लाया जाता है । लेखा परीक्षण में यह भी पाया गया कि बहुत से अधिकारी/कर्मचारी इस मण्डल से स्थानान्तरित हो चुके हैं परन्तु उन्होंने अग्रिम राशियों का समायोजन कराने हेतु कोई भी प्रयास नहीं किए है :-

1. स्टाफ अग्रिम 2,25,216.21
2. वेतन अग्रिम 4,756.00
3. छुट्टी रियायती यात्रा अग्रिम 5,415.40
4. स्थानान्तरण यात्रा अग्रिम 4,560.10

अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि प्रत्येक मास के अन्त में विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम अत्याधिक राशियां स्टाफ अग्रिम के रूप में शेष पड़ी हुई थी तथा इन अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक मास प्राप्त किए जा रहे स्टाफ अग्रिमों का समायोजन अभिलेख समय-समय पर प्रस्तुत करने के बजाए अतिविलम्ब से किया जाता रहा । इस अनियमितता पर शीघ्र रोक लगाई जाए तथा भविष्य में पहले दिए गए स्टाफ अग्रिमों का समायोजन अभिलेख प्रस्तुत करने के उपरान्त आवश्यकतानुसार स्टाफ अग्रिम का भुगतान किया जाए ताकि प्रत्येक मास के अन्त में न्यूनतम राशियां समायोजन हेतु शेष रहें ।

(ख) विविध अग्रिम :- आवास बोर्ड निर्माण मण्डल-1 के अधीन विभिन्न विभागों/संस्थाओं/फर्मों तथा कर्मचारियों के नामों पर दिनांक 31.3.97 को 24,51,553.62 रुपये की राशि समायोजनार्थ अग्रिम पड़ी थी । इस राशि का विवरण आवास बोर्ड के वार्षिक लेखों में दिया गया है । उपरोक्त अग्रिमों की समय पर वसूली/समायोजन करने की स्थिति बहुत ही चिन्ताजनक है क्योंकि इन राशियों का बकाया उन द्वारा अपने पास बिना किसी औचित्य के रखना आपत्तिजनक ही नहीं अपितु अनुचित भी है । इसके विपरीत अग्रिमों की राशियों को वसूलने/समायोजन करने हेतु कोई भी ठोस प्रयास नहीं किए गए । अतः प्रकरण बोर्ड के उच्च अधिकारियों के ध्यान में उचित कार्यवाही हेतु लाया जाता है ।

5. राजस्व आय :- (क) किराया रजिस्टर के अनुसार निम्नलिखित विभागों/संस्थाओं से दिनांक 31.3.97 को किराए की निम्नलिखित राशियां वसूल की जानी शेष थी ।

1. आर0आई0डी0 विभाग 8,800.00 रुपये
2. एच0पी0एम0सी0 42,586.00 रुपये
3. यूको बैंक निगम विहार (1.3.82 से 31.10.85) 17,512.0 रुपये
4. इन्स्टीच्यूट आफ इंजिनियर्स (1.11.85 से 25.12.89 तक) 19,900.00 रुपये

यह मामला बोर्ड के प्राधिकारियों के ध्यान में उचित कार्यवाही हेतु लाया जाता है । शेष किराए की वसूली हेतु शीघ्र समुचित कार्यवाही करके सम्बन्धित अभिलेख आगामी लेखा परीक्षण में प्रस्तुत किया जाए ।

(ख) इसके अतिरिक्त क्रम संख्या:3 और 4 पर दर्शाए गए भण्डार/कमरों के क्रमशः 31.10.85 तथा 25.12.89 के उपरान्त उपयोग बारे स्थिति स्पष्ट की जाए ।

लगातार पृ0..6/-

6. आवास बस्ती सन्जौली के मकान/प्लाट मालिकों से मार्च 1997 तक 33,693/-रू0 की बस्ती के रख-रखाव प्रभार के रूप में वसूली न करना

आवास बस्ती सन्जौली के रख-रखाव प्रभार रजिस्टर की जांच करने पर पाया गया कि दिनांक 31.3.97 तक बस्ती के मकान/प्लाट मालिकों से लगभग रू033,693/-रू0 की वसूलियां की जानी शेष थी जिनका विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट "क" में संलग्न है । आवास बोर्ड मण्डल के कार्यालय में किस वित्तीय वर्ष में कितनी वसूलियां की गई है व कितनी वसूलियां शेष हैं, का पूर्ण अभिलेख खातों में दर्ज करना अपेक्षित है तथा यह सूचना वार्षिक लेखों में भी दर्ज करना अनिवार्य है । इसके अतिरिक्त कुछ मकान/प्लाट मालिकों से अंकेक्षण की अवधि तक किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की गई थी और न ही इतनी बड़ी राशि की वसूली के लिए कोई भरसक प्रयास किए गऐ प्रतीत होते हैं । अत: शेष राशियों की वसूली हेतु समुचित कार्यवाही अमल में लाई जाए ।

7. आवास बस्ती सन्जौली के मकान/प्लाट मालिकों से जल प्रभार की बकाया राशि रू024,334/-रू0 की वसूली न करना ।

इसी प्रकार आवास बस्ती सन्जौली के जल प्रभार रजिस्टर की जांच करने पर पाया गया कि दिनांक 31.3.97 तक बस्ती के मकान/प्लाट मालिकों से लगभग 24,334/-रू0 की वसूली की जानी शेष थी जिसका विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट "ख" में संलग्न किया गया है । आवास बोर्ड मण्डल के कार्यालय में किस वित्तीय वर्ष में कितनी वसूलियां की गई व कितनी वसूलियां की जानी शेष थी, का पूर्ण अभिलेख वार्षिक लेखों में दर्ज करना अनिवार्य है । इसके अतिरिक्त शेष राशियों की वसूली हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए ।

8. रू047540/-रू0 की राशि के स्टोर के सामान का दुर्विनियोजन :-

(क) आवास बोर्ड मण्डल-1 के वर्ष 1996-97 के स्टाक एवं स्टोर लेखाओं की जांच करने पर पाया गया कि निम्नलिखित वस्तु प्राप्ति शीटों (जी0आर0) द्वारा प्राप्त किया गया सामान बिन कार्डों पर प्राप्ति के उपलक्ष, में दर्ज नहीं किया गया था तथा इस प्रकार स्टाक एवं स्टोर में गणना में नहीं लिया गया था । इसके अतिरिक्त यह सामान मण्डल की वर्ष 1996-97 की स्टाक एवं स्टोर मदों का दिनांक 31.1.97 को प्रत्यक्ष सत्यापन करते समय भी अतिरिक्त रूप में स्टोर में नहीं पाया गया था ।अत: ऐसा प्रतीत होता है कि मण्डलीय स्टोर प्रभारी कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा प्राप्त किया गया यह सामान स्टोर में पहुंचाया ही नहीं गया तथा इस प्रकार 35,425/-रू0 की राशि के स्टोर के सामान का दुर्विनियोजन किया गया प्रतीत होता है ।

| समायोजन वा0 सं0 तथा मास | जी0आर0सं0 | दिनांक | प्राप्त किए गए सामान का विवरण | सामान की कीमत |
|---|---|---|---|---|
| 4 मास 5/96 | 3066 | 28.4.96 | 130 बोरी सिमेन्ट | 21,985/-रू0 |
| 18 मास 5/97 | 3072 | 10.7.96 | सी0पी0विव काक | 13,440/-रू0 |
| | | | 15 एम0एम0(तांबे) | 35,425/-रू0 |

लगातार पृ0..7/-

(ख) इसी प्रकार बिन कार्डों की जांच करते समय पाया गया कि निम्न वर्णित बिन कार्डों के अनुसार गलत गणना किए जाने के फलस्वरूप प्रत्येक वस्तु की शेष मात्रा असली मात्रा से कम दर्शाई गई थी । इसके अतिरिक्त मण्डल के स्टाक एवं स्टोर में पड़े सामान का दिनांक 31.1.97 को प्रत्यक्ष सत्यापन करते समय भी प्रत्येक मद की कम मात्रा ही सत्यापित की गई थी जिससे यह प्रतीत होता है कि प्रत्येक मद के सामने दर्शाई गई मात्रा में यह सामान स्टोर में भी उपलब्ध नहीं था । इस प्रकार प्रत्येक मद के सामने दर्शाई गई मात्रा में 12115/-रू0 की राशि के सामान का दुर्विनियोजन किया गया प्रतीत होता है :-

| बिन कार्ड सं0 | वस्तु का नाम | दिनांक 31.3.97 को बिनकार्ड में दर्शाई गई मात्रा | वस्तुएं जो मात्रा होनी चाहिए थी | कम पाई गई मात्रा | दर प्रति वस्तु | कम पाई गई वस्तुओं की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एस0एम0 58 | सी0पी0टावर बोल्ट 24" | 7 | 13 | 6 | 280.00 | 1680/- |
| ~~[illegible]~~ | ~~[illegible]~~ | ~~88~~ | | | | |
| एस0एम0 60 | सी0पी0 बोटल ट्रैप 32 एम0एम0 | 8 | 29 | 21 | 305.00 | 6405/- |
| एस0एम0 63 | सी0पी0बिब कॉक 15 एम0एम0 | 50 | 56 | 6 | 208.00 | 1248/- |
| बी0एम0 12 | पी0जी0आई0 शीटस 8' लम्बी | 3.055 मी0टन | 3.154 मी0टन | 0.099 मी0टन | 28104/- | 2782/- |
| | | | | | जोड़ | 12115/- |

उपरोक्त 47540/-रू0 (35425+12115) के सम्भावित दुर्विनियोजन का गम्भीर प्रकरण सचिव एवं मुख्य अभियन्ता के ध्यान में दोषी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही के अतिरिक्त उक्त राशि की शीघ्र वसूली हेतु लाया जाता है । इस सम्बन्ध में की गई कार्यवाही से इस विभाग को भी अवगत करवाया जाए ।

(ग) आवास बोर्ड के वर्ष 1996-97 के लेखाओं को अन्तिम रूप देते समय उक्त राशि को यथोचित शीर्ष के अन्तर्गत पृथकता से दर्शाया जाए ताकि भविष्य में इस राशि की वसूली सुनिश्चित की जा सके ।

9. स्टोर में पड़े 2,75,631.95 रूपये की राशि के सामान को गत 16-17 वर्षों से किसी निर्माण कार्य पर इस्तेमाल न करना :-

बिन कार्डों की जांच करने पर पाया गया कि निम्नलिखित विवरणानुसार अत्यधिक मात्रा में क्रय किया गया सामान पिछले कई वर्षों से ही लगातार स्टाक में पड़ा हुआ दर्शाया जा रहा था । बोर्ड के मण्डलाधिकारियों द्वारा लगभग 16-17 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी इस सामान के उपयोग हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तथा अत्यधिक समय बीत जाने के कारण बहुत सारा सामान इस्तेमाल अप्रयोग्य भी हो गया होगा । इसके अतिरिक्त जब इस सामान को तुरन्त उपयोग हेतु आवश्यकता नहीं थी तो यह सामान क्रय ही नहीं किया जाना चाहिए

लगातार पृ0..8/-

था । साथ ही इस सामान के क्रय के बाद आवास बोर्ड खण्ड द्वारा कई निर्माण कार्य करवाए जा चुके हैं परन्तु इस सामान को किसी भी निर्माण कार्य में उपयोग नहीं किया गया । इस तरह से जहाँ एक ओर बोर्ड निधि को अनावश्यक व्यय से ही अवरुद्ध रखा गया है वहाँ दूसरी ओर क्रय किया गया अत्यधिक मात्रा में सामान इस्तेमाल अनुपयोग्य हो जाने के कारण आवास बोर्ड को अकारण ही हानि उठानी पड़ रही है ।

यह गम्भीर अनियमितता बोर्ड के प्राधिकारियों के ध्यान में शीघ्र आगामी कार्यवाही हेतु लाई जाती है ।

| वस्तु का नाम | बिन कार्ड संख्या | खरीद दिनांक | दिनांक 31.3.97 को बिन कार्ड में बकाया मात्रा | वस्तु का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| **भवन निर्माण का सामान** | | | | रु0 पै0 |
| डेटोनेटर | 15 | 8.2.83 से पूर्व | 95 नग | 20.90 |
| कब्जे 4 इंच | 16 | 18.3.81 से पूर्व | 200 नग | 151.66 |
| कब्जे 1 इंच | 18 | 6.8.82 से पूर्व | 290 नग | 44.70 |
| आयरन स्लाईडिंग बोल्ट 12"×5/8" | 19 | 26.4.80 से पूर्व | 678 नग | 3695.10 |
| -"- साईज 10"×5/8" | 20 | 5.2.83 से पूर्व | 493 नग | 1996.65 |
| कब्जे $1\frac{1}{2}$" | 21 | 8.2.83 से पूर्व | 194 नग | 27.48 |
| आयरन टावर बोल्ट 9" | 23 | 8.2.83 से पूर्व | 240 नग | 336.00 |
| आयरन स्क्रीयू $\frac{1}{2}$" | 24 | 8.2.83 से पूर्व | 102 पैकट | 219.30 |
| आयरन टावर बोल्ट 10"×1/2" | 26 | 8.2.83 से पूर्व | 1753 नग | 4119.55 |
| डोर स्टोपिंग स्प्रींग | 27 | 8.2.83 से पूर्व | 50 नग | 65.00 |
| होल्डिंग डाउन बोल्ट 8"×1/2" | 28 | -"- | 3.46 किग्रा0 | 1107.20 |
| चिकिन मैश | 29 | 18.3.81 | 1 रोल | 219.00 |
| व्हाईट ग्लेज्ड टाईल $4\frac{1}{8}$"×$4\frac{1}{8}$" | 30 | 26.4.80 से पूर्व | 1032 नग | 621.35 |
| पेन्टिंग ब्रश 2.5 सेंमी0 | 31 | 8.2.83 से पूर्व | 83 नग | 161.85 |
| -"- 5.00सें0मी0 | 32 | 8.2.83 से पूर्व | 102 नग | 408.00 |
| पेन्ट चौकलेट | 36 | 8.2.83 से पूर्व | 95 लीटर | 1629.25 |
| पेनल पीनस 3/4" | 38 | 29.4.80 से पूर्व | 42 किग्रा0 | 266.70 |
| फेरो लाईट बुडबुल बॉड | 39 | 15.6.82 से पूर्व | 796कार्कोट | 1512.40 |
| पैलीकल डोर स्प्रींग | 40 | 8.2.83 से पूर्व | 38 | 285.00 |
| कीलें 6"×6 गेज | 42 | 19.5.80 से पूर्व | 331किग्रा0 | 1075.75 |
| एलमुनियम मोरटिस लाक हेडल | 50 | 8.2.83 से पूर्व | 1 सेट | 42.70 |
| -"- हैप्स स्टेप्पलस 4" | 51 | 8.2.83 से पूर्व<br>3.9.87 | 151 नग<br>232 नग | 773.97 |
| वेन्टीलेटर कैवर | 57 | 8.2.83 से पूर्व | 588 नग | 3528.00 |
| गल्फ रेड आक्साईड पेंट | 58 | 8.2.83 से पूर्व | 60 लीटर | 987.00 |
| जे हुक्स $4\frac{1}{2}$"×$2\frac{1}{2}$" | 60 | 8.2.83 से पूर्व | 377 किग्रा0 | 1545.70 |

लगातार पृ0..9/-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जे हुक्स 5½"×3" | 61 | 8.2.83 से पूर्व | 6 कि० | 24.60 |
| रूफिंग स्क्रू 2½" | 63 | 18.3.83 से पूर्व | 73.50कि० | 455.70 |
| स्टील स्क्रेप | 66 | 18.3.81 से पूर्व | 2.106टन | 4212.00 |
| आयरन टावर बोल्ट | 67 | 18.3.81 से पूर्व | 272 न० | 510.00 |
| पोकेस | 69 | 9.11.82 सेपूर्व | 39 न० | 858.00 |
| एम०एस०बोल्ट 8"×5/8" | 70 | 30.3.82 से पूर्व | 158 कि० | 328.13 |
| -"- 5"×5/8" | 71 | 8.2.83 से पूर्व | 150 कि० | 542.55 |
| लीन सीड आयल | 74 | 8.2.83 से पूर्व | 40 लीटर | 276.00 |
| केटोलेस्टिंग बेन 12"×17" | 75 | 27.11.81 से पूर्व | 359 न० | 62.82 |
| हेप्स एण्ड स्टेपल्स | 76 | 8.2.83 से पूर्व | 3 दर्जन | 12.75 |
| एडमिरल ग्रे पेन्ट | 78 | -"- | 18 लीटर | 730.80 |
| जे हुक्स 6"×3" व 7½"×3" | 80 | 4.9.81 से पूर्व | .65 कि०ग्रा० | 309.72 |
| ग्लास पेन्स 3 एम०एम० | 82 | 19.6.80 से पूर्व | 24.41 वर्गमी० | 1139.94 |
| -"- 4 एम०एम० | 83 | 29.4.80 से पूर्व | 2.14 -"- | 125.51 |
| वायर नीटिंग 90×15 | 84 | 28.4.80 से पूर्व | 2 रोल | 670.00 |
| आयरन स्कार्ईडिंग बोल्ट | 91 | 8.2.83 से पूर्व | 240 न० | 1179.00 |
| एंगल आयरन | 95 | 18.3.81 से पूर्व | 5 किलो | 10.00 |
| केल्सीनाईज्ड मेग्नीसाईट पाउडर | 101 | 8.2.83 से पूर्व | 100 किलो | 134.75 |
| केम्पला | 102 | -"- | 79 बेग | 2559.60 |
| हिन्जस 2" | 106 | 6.8.82 | 16 न० | 3.86 |
| स्टील टेप 15 मी० | 108 | 31.3.85 | 1 न० | 94.20 |
| मारबल टाईल्स 10"×10" | 107 | 3.8.83 | 138.20 वर्गमी | 12735.13 |
| मेटेलिक टेप 15 मी० | 110 | 27.4.84 | 1 न० | 48.35 |
| एल्यू० टावर बोल्ट 12" | 116 | 3.7.87 से पूर्व | 180 न० | 1296.00 |
| चेनल 15एम०सी 100×50 | 120 | 24.4.92 | 12.046टन | 155574.09 |
| जी०आई० बोल्ट 40एम०एम० | 131 | 19.10.92 | 80 न० | 80.00 |

<u>प्रेक्टरी का सामान</u> :-

ब्रास क्पलिंग वेस्ट फार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वाश बेसिन 1½" | 3 | 26.9.81 से पूर्व | 15 न० | 129.00 |
| एम०एस होल्डर क्लेम्प 1 ईंच | 5 | 7.2.83 से पूर्व | 24 न० | 9.60 |
| एच०एस०डब्ल्यू लो स्टरन सी-क्लेन 12.5 ली० | 7 | 6.3.81 | 23 न० | 3139.50 |
| -"- | 8 | 2.2.81 से पूर्व | 10 न० | 1577.50 |
| एच०एस०डब्ल्यू सोप ट्रे 15×15 से०मी० | 10 | 7.2.83 से पूर्व | 43 न० | 918.05 |
| -"- टायलेट पेपर होल्डर | 11 | -"- | 81 न० | 1377.00 |
| -"- शावर रोजेस्ट्स 5" | 12 | -"- | 108 न० | 1155.60 |
| -"- एटोमेटिक सीस्टम 5ली० | 13 | -"- | 9 न० | 592.20 |
| -"- 5 लीटर | 14 | -"- | 10 न० | 415.50 |

लगातार पृ०..10/-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सी0आई हाई लेवल सीस्टन 12.5 ली0 | 18 | 6.3.81 | 1 न0 | 117.35 |
| ब्रकेट्स फार ग्लास सेल्फ ××××× | 19 | 7.2.83 से पूर्व | 1 न0 | 12.15 |
| सी0आई सेम्परा वाक्स बोद कवर | 22 | -"- | 1 न0 | 84.70 |
| एच0सी0 आई ब्रांच बोद डोर 4"×4" | 23 | 15.4.81 से पर्वू 30.9.92 | 3 न0 | 794.22 |
| एच0सी0आई ब्रांच बोद डोर 2"×2"×2" | 24 | 7.2.83 से पूर्व | 5 न0 | 36.75 |
| टावल रेल | 25 | 6.2.82 से पूर्व | 17 न0 | 158.95 |
| सी0आई0वेन्टीलेटिंग साफ्ट 6"Ø | 26 | -"- | 10 न0 | 27179.00 |
| एच0सी0आई0फोर एस0 ट्रप 4" Ø | 27 | -"- | 3 न0 | 63.15 |
| सी0पी0ब्रास वेस्ट फार सींक 1-½" Ø हेवी टाईप | 29 | -"- | 11 न0 | 85.80 |
| एच0सी0आई0 होलरेस्ट बेन्ड 4" Ø | 30 | 6.3.81 | 1 न0 | 14.35 |
| एच0सी0आई0सी0वर कनेक्शन | 31 | 6.3.81 | 2 न0 | 110.00 |
| -"- सवाएल पाईप 2"Ø | 32 | -"- | 1न0 | 28.10 |
| -"- आफ सेट 2" Ø | 38 | 18.3.81 | 1 न0 | 11.85 |
| -"- प्लेन बेन्ड 4" Ø | 40 | 25.3.83 30.9.92 | 1 न0 3 न0 | 243.80 |
| -"- कालर 6" Ø | 49 | 30.7.92 | 2 न0 | 140.00 |
| -"- प्लेन बेन्ड 6" Ø | 50 | -"- | 1 न0 | 70.00 |
| -"- बेन्ड(डारेर) 6" Ø | 51 | -"- | 1 न0 | 70.00 |
| -"- पाईप 6" Ø | 52 | -"- | 5 न0 | 500.00 |

<u>जल आपूर्ति का सामान</u> :-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| फूल वे ब्रास वाल्व 1/2" | 2 | 7.2.83 से पूर्व | 4 न0 | 95.40 |
| जी0आई0एल्बो 1¼" Ø | 5 | 7.2.83 से पूर्व | 58 न0 | 130.50 |
| -"- 1½" Ø | 6 | -"- 15.9.83 | 22 न0 8 न0 | 120.00 |
| जी0आई0एल्बो 80एमएम Ø | 9 | 7.2.83 से पूर्व 15.9.83 | 9 न0 6 न0 | 196.50 |
| जी0आई0टी 1/2" Ø | 10 | 18.3.81 से पूर्व | 159 न0 | 194.25 |
| -"- 3/4" Ø | 11 | -"- 15.9.93 से पूर्व | 3 न0 26 न0 | 290.00 |
| -"- 1¼" Ø | 12 | -"- | 22 न0 | 396.00 |
| -"- बेन्ड 3/4" | 13 | -"- | 46 न0 | 98.90 |
| -"- 1" | 14 | -"- | 2 न0 | 6.70 |
| -"- 1" (मिडियम) | 15 | -"- | 40 न0 | 400.00 |
| -"- 4"Ø | 17 | -"- | 4 न0 | 203.20 |
| -"- युनियन 4" Ø | 18 | -"- | 10 न0 | 370.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| -"- रिडियुसर बोकेट 20x15 एम0एम0 | 19 | 15.9.83 से पूर्व | 24 न0 | 28.80 |
| -"- 32x15 एम0एम0 | 20 | -"- | 68 न0 | 340.00 |
| -"- 32x20 एम0एम0 | 21 | -"- | 23 न0 | 161.00 |
| -"- 40x15 एम0एम0 | 22 | -"- | 8 न0 | 23.60 |
| -"- 50x15 एम0एम0 | 23 | -"- | 20 न0 | 77.00 |
| -"- 50x20 एम0एम0 | 24 | -"- | 10 न0 | 38.50 |
| -"- 50x32 एम0एम0 | 25 | -"- | 7 न0 | 26.95 |
| -"- एलबो 1"x3/4" | 26 | -"- | 5 न0 | 20.00 |
| -"- बोकेट 40x25 एम0एम0 | 27 | -"- | 1 न0 | 3.85 |
| -"- रडियुसर बोकेट 65x15 एम0एम0 | 29 | -"- | 20 न0 | 129.00 |
| जी0आई0बोकेट 80x15एमएम | 30 | 7.2.83 से पूर्व | 5 न0 | 45.50 |
| -"- 80x50 एम0एम0 | 31 | -"- | 6 न0 | 54.60 |
| -"- 80x65 "-" | 32 | 15.9.83 | 2 न0 | 20.00 |
| -"- 100x20 -"- | 33 | 7.2.83 से पूर्व | 10 न0 | 152.00 |
| -"- 100x25 -"- | 34 | -"- | 4 न0 | 60.80 |
| -"- 100x32 -"- | 35 | -"- | 5 न0 | 76.00 |
| -"- 100x40 -"- | 36 | -"- | 5 न0 | 76.00 |
| -"- 100x50 -"- | 37 | -"- | 5 न0 | 76.00 |
| -"- पाईप 1"Ø | 38 | 2.4.83 | 111.03रन0मी0 | 2364.93 |
| -"- रडियुसर बाकेट 100x65 | 39 | 7.2.83 से पूर्व | 4 न0 | 60.80 |
| -"- 100x80 | 40 | -"- | 5 न0 | 76.00 |
| -"- पाईप 2"Ø | 41 | 3.12.91 | 16.18रन0मी0 | 509.67 |
| -"- पाईप $1\frac{1}{2}$" Ø | 43 | 28.10,92 | 191.10मी0 | 17036.56 |
| -"- टी01"x3/4" Ø | 51 | 7.2.83 से पूर्व<br>15.9.83 | 3 न0<br>46 न0 | 588.00 |
| -"- एलबो 15.x20 | 54 | 7.2.83 से पूर्व | 6 न0 | 23.10 |
| -"- टी 1/2"x3/4" | 55 | -"- | 7 न0 | 21.00 |
| -"- पाईप $1\frac{1}{4}$" | 56 | -"- | 12 मी0 | 143.01 |
| कापर वाईंडिं $2\frac{1}{2}$" Ø | 63 | -"- | 1 न0 | 80.00 |
| जी0आई0रडियुसर बोकेट 80x40 | 65 | -"- | 2 न0 | 16.00 |
| -"- 1"x$2\frac{1}{2}$" | 66 | -"- | 24 न0 | 192.00 |
| -"- 3"x$1\frac{1}{4}$" | 67 | 15.9.83 | 4 न0 | 32.00 |
| -"- $2\frac{1}{2}$"x$1\frac{1}{2}$" | 68 | -"- | 9 न0 | 63.00 |
| -"- $2\frac{1}{2}$"x$1\frac{1}{4}$" | 69 | -"- | 6 न0 | 36.00 |
| चेक नट $1\frac{1}{4}$" Ø | 70 | 15.9.83 | 22 न0 | 110.00 |
| जी0आई0रडियूसर बोकेट 40x32 | 73 | -"- | 10 न0 | 80.00 |
| -"- $1\frac{1}{2}$"x3/4" | 76 | -"- | 19 न0 | 180.00 |
| -"- टी0 80x20 एमएम | 77 | -"- | 11 न0 | 165.00 |
| -"- 32x20 | 78 | -"- | 6 न0 | 60.00 |
| -"- 80x20 | 79 | -"- | 15 न0 | 150.00 |

लगातार पृ0..12/-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जी०आई०टी० 25 एमएम | 80 | 15.9.83 | 9 न० | 135.00 |
| -"- 80 एमएम० | 82 | -"- | 30 न० | 450.00 |
| -"- 40 एम०एम० | 83 | -"- | 20 न० | 240.00 |
| -"- 65 एम०एम० | 89 | -"- | 16 न० | 128.00 |
| -"- 40 एम०एम० | 90 | -"- | 8 न० | 56.00 |
| -"- 25 एमएम० | 91 | -"- | 20 न० | 100.00 |
| -"- ×रिडियुसर×सोकेट | ×× | ×"× | ×8×न× | |
| -"- 25 एम०एम० | 92 | -"- | 16 न० | 48.00 |
| -"- रिडियुसर सोकेट 25×15 | 94 | -"- | 16 न० | 48.00 |
| -"- प्लग 65 एम०एम० | 95 | -"- | 5 न० | 40.00 |
| -"- 25 एम०एम० | 98 | -"- | 9 न० | 36.00 |
| -"- एल्बो 25 एम०एम० | 99 | -"- | 19 न० | 095.00 |
| व्हील वाल्व $1\frac{1}{2}$" | 101 | -"- | 1 न० | 100.00 |
| जी०आई०स्लूस बल्व $2\frac{1}{2}$ ø | 102 | -"- | 2 न० | 400.00 |

कुल योग :- 275631.95

10. 5,19,966.78 रू० की राशि के वर्ष 1996-97 में क्रय किए गए सामान को लेखाओं में वित्तीय वर्ष के दौरान समायोजित न करना :-

निम्नलिखित जी०आर० के अवलोकन पर पाया गया कि निम्नलिखित सामान निम्नलिखित दिनांकों पर प्राप्त किया गया था तथा यह सामान बिन कार्डों पर दर्ज करके विभिन्न निर्माण कार्यों पर इस्तेमाल भी किया जा चुका था परन्तु इस सामान की कीमत का समायोजन या तो अभी तक भी नहीं किया गया था या फिर वर्ष 1996-97 की समाप्ति के उपरान्त किया गया था जबकि यह समायोजन वर्ष 1996-97 की समाप्ति के उपरान्त किया गया था जबकि यह समायोजन वर्ष 1996-97 के दौरान ही किया जाना अपेक्षित था । इस प्रकार निर्माण मण्डल के अभिलेख स्टाक एवं स्टोर से सम्बन्धित वर्ष 1996-97 के दौरान स्टाक की प्राप्ति एवं इसके निर्गम से सम्बन्धित लेखाओं की सही स्थिति को नहीं दर्शाते हैं ।

यह गम्भीर अनियमितता आवास बोर्ड के उच्च अधिकारियों के ध्यान में शीघ्र आगामी कार्यवाही हेतु लाई जाती है ।

| जी०आर०सं० तथा दिनांक | प्राप्त किए गए सामान का विवरण | सामान की कीमत | बिन कार्ड संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 3067 दि० 24.5.96 | टोर स्टील 12 एम०एम० 3 मी०टन | 49290.00 | 3 | अभी तक भी समायोजन नहीं किया गया था । |
| 3069 दि० 24.5.96 | विविध सेनीटेशन का सामान | 118344.00 | 53,55, 78,20,57,38, 56,58,65, 77,63,59,61,60 | -यथोपरि- |
| 3068 दि० 23.5.96 | 180 बोरी सिमेन्ट | 23329.80 | 8 | -यथोपरि- |

लगातार पृ०..13/-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3092 दि0 17.3.97 | टोर स्टील 18.020 मी0टन | 303080.98 | 97,969 | समायोजन वा0सं018 माह 5/97 द्वारा समायोजित किया गया । |
| 3071 दि0 1.7.96 | टोर स्टील 1.600 मी0टन | 25922.00 | 3,9 | समायोजन वा0सं0:16 माह 7/97 द्वारा समायोजित किया गया । |
| | | 519966.78 | | |

11. (1) निर्माण मण्डल के स्टाक/स्टोर अभिलेखों की छानबीन करने पर पाया गया कि निम्नलिखित इंडेन्टों द्वारा निम्नलिखित सामान स्टाक/एम0ए0एस0 रजिस्टरों से निर्माण कार्यों पर उपयोग हेतु जारी किया गया परन्तु इस प्रकार जारी किए गए उक्त सामान का अभी तक लेखाओं में समायोजन नहीं किया गया था । अत: जहां एक ओर बिन कार्डों से जारी किए इस सामान की कीमत सम्बन्धित निर्माण कार्यों पर डेबिट नहीं की गई थी वहां दूसरी ओर एम0ए0एस0 रजिस्टरों से जारी किए गए/स्थानान्तरित किए गए सामान की कीमत सम्बन्धित संविदाकारों के खातों को डेबिट तथा सम्बन्धित निर्माण कार्यों को डेबिट/क्रेडिट नहीं की गई थी । इस प्रकार निर्माण मण्डल के अभिलेख वर्ष 1996-97 के दौरान प्रत्येक निर्माण कार्य पर दर्शाए गए व्यय की सही स्थिति को नहीं दर्शाते हैं ।

यह गम्भीर अनियमितता दोषियों के विरुद्ध शीघ्र आगामी कार्यवाही हेतु लाई जाती है । इसके अतिरिक्त इन इंडेन्टों द्वारा जारी किए गए सामान के सम्बन्ध में आवश्यक समायोजन अभिलेख त्यार करके आगामी अंकेक्षण पर प्रस्तुत किए जाए तथा भविष्य में प्रत्येक वर्ष के भीतर जारी किए सामान का समायोजन उसी वित्तीय वर्ष के दौरान किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि प्रत्येक निर्माण कार्य पर प्रत्येक वर्ष के दौरान किए गए कुल व्यय की सही स्थिति की जानकारी उपलब्ध हो सके :-

(क) बिन कार्डों से जारी किए गए सामान का विवरण

| इन्डेन्ट सं0 दिनांक | जारी किए गए सामान का विवरण | सामान की कीमत | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 6961 31.3.97 | सेनीटेशन का विभिन्न सामान | 8837.30 | बिन कार्डों से जारी किया गया सामान की कीमत निर्माण यों को डेबिट नहीं की गई । |
| 6962 31.3.97 | पेन्ट 20 लीटर | 357.41 | -यथोपरि- |
| 3102 6.4.96 | 3.850 मी0टन टोरस्टील 16 एम एम | अंकित नहीं थी | -यथोपरि- |

(ख) एम0ए0एस0 रजिस्टर से जारी किए गए सामान का विवरण :-

| निर्माण कार्य का नाम | एम0ए0 एस0रजि0 पृ0सं0 | इन्डेन्ट सं0 | दिनांक | संविदाकार का नाम | दिए गए सामान का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| सेन्टरल जेल कण्डा में हाई सिक्यूरिटी बैरेक्स | 3 | 3104 | 27.11.96 | श्री मो0एस0 चौहान | टोर स्टील 16 एमएम 0.260मी0टन |

लगातार पृ0..14/-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| -यथोपरि- | 3 | 3256 | 15.11.96 | श्री अनिल चौहान | टोर स्टील 16 एम०एम० 0.250 मी० टन |
| -यथोपरि- | 3 | 11250 | 22.10.96 | मै०गुरबरण इण्डस्ट्री | टोर स्टील 16 एम०एम० 1.00 मी०टन |
| -यथोपरि- | 4 | 11176 | 25.10.96 | श्री देस राज गांधी, कनिष्ठ अभियन्ता निर्माण मण्डल-11 | 2.50 मी०टन टोर स्टील 12 एम०एम० |
| -यथोपरि- | 4 | 3256 | 15.11.96 | श्री अनिल चौहान | 0.250 मी०टन टोर स्टील 12 एम०एम० |

§2§ अंकेक्षण अवधि के दौरान अन्य सभी निर्माण कार्यों से सम्बन्धित एम०ए०एस० रजिस्टरों की तुरन्त छानबीन की जाए तथा इन रजिस्टरों अनुसार जारी किए सामान का समायोजन अभिलेख तुरन्त तैयार करके आगामी अंकेक्षण पर प्रस्तुत किया जाए तथा अधिशासी अभियन्ता द्वारा प्रत्येक एम०ए०एस० रजिस्टर को जांच के उपरान्त आवश्यक प्रमाण पत्र दिया जाए ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं को दोहराया न जाए।

12 स्कम: वित्तीय योजना स्ट्रावरी हिल, शिमला ।

कार्य का नाम : 4 न० Cat-II फ्लैटस §ब्लाक-पी§ i/c Internal water supply and Sanitary Installations

अनुबन्ध सं० : 5 वर्ष 1995-96

उपरोक्त कार्य का आबंटन निर्माण मंडल न०-1 शिमला के कार्यालय के पत्र संख्या:एच०पी०डी०/ए-2§398/95,456-63 दिनांक 25.4.95 द्वारा ठेकेदार श्री बंसत सिंह राठौर को कुल राशि 12,84,878.57 रुपये के लिए किया गया । इस कार्य के प्रथम बिल से लेकर सातवें चलत बिल तक किए गए भुगतानों की जांच करने पर निम्न आपत्तियां पाई गई :-

§क§ द्वितीय चलत बिल के दौरान ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य को लागत प्रविष्टियां माप पुस्तिका संख्या 8000/95 के पृष्ठ-29 से 36 तक दर्ज की गई थी । बिल की मद संख्या:7/10 द्वारा वर्णित कार्य की मात्रा 12615.79 कि० ग्रा० का भुगतान ठेकेदार को 16.50 रु० प्रति कि०ग्रा० की दर से किया गया था । इस कार्य की रिकार्ड प्रविष्टि की जांच करने पर मात्रा का आकलन केवल 12604.98 कि०ग्रा० पाया गया। क्योंकि माप पुस्तिका संख्या:8000/95 के पृष्ठ-20 पर दर्ज रिकार्ड प्रविष्टि के अनुसार 8 एम०एम० स्टील के 4.70 मीटर के 10 बार प्रयोग में लाए गए थे जबकि इनकी गणना 10 एम०एम० स्टील के कॉलम में की गई । इस प्रकार ठेकेदार को 10.81 कि०ग्रा० का अधिक भुगतान निम्न विवरण के अनुसार किया गया :-

| भुगतान हेतु लिया गया भार | भार जो लिया जाना चाहिए था । | अन्तर |
|---|---|---|
| 10एमएम स्टील=4.70 Rmt ×10 bar ×.62कि० per Rmt =29.14 कि०ग्रा० | 8एमएम स्टील=4.70 ×10 bar ×39 कि० per Rmt =18.33 कि०ग्रा० | 10.81 कि० ग्रा० |

लगातार पृ०..15/-

अत: अधिक भुगतान की गई राशि 178.36 रु० [10.81 कि०ग्रा० ×16.50 रु० प्रति कि०ग्रा०] की वसूली के साथ-साथ 10.81 कि०ग्रा० स्टील की गणना कार्य के एम०ए०एस० रजिस्टर में भी की जाए अन्यथा 10.81 कि०ग्रा० स्टील की कीमत की वसूली करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापित करवाई जाए।

[ख] पांचवे चलत बिल में ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य की मापन प्रवि-ष्टियां माप पुस्तिका संख्या:8000/95 के पृष्ठ-62 से 70 तक दर्ज की गई थी। बिल का भुगतान ठेकेदार को करने से पूर्व पृष्ठ-68 पर प्रतिभूति आयकर एवं बिक्री कर की गई कटौतियों की गणना के दौरान पाया गया कि चतुर्थ चलत बिल तक प्रतिभूति, आयकर एवं बिक्री कर की काटी गई क्रमश: 42,780.00 रु० 14112.00 रु० तथा 14,112.00 रु० की राशियों को पांचवें चलत बिल को अग्रेषित करते समय क्रमश: 42980/-रु० 14192/-रु० तथा 14192/-रु० लिया गया जिसके कारण ठेकेदार से क्रमश 200/-रु, 80/-रु० तथा 80/-रु० = कुल 360/-रु० की कम कटौती करके इतनी राशि का अधिक भुगतान किया गया। अत: इस राशि को अब सम्बन्धित ठेकेदार से वसूली करना सुनिश्चित किया जाए।

[ग] सातवें चलत बिल के दौरान ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य की मापन प्रविष्टियां माप पुस्तिका संख्या:8000/95 के पृष्ठ-82 से 93 तक दर्ज की गई थी।

[1] बिल की मद संख्या:1/1 की मात्रा 345.40 मी०$^3$ का भुगतान 50/-रु० प्रति मी०$^3$ की दर से ठेकेदार को किया गया जिसमें माप पुस्तिका संख्या:7999/95 पृष्ठ-59 के अनुसार 24.37 मी०$^3$ की प्रमात्रा भी सम्मिलित थी जबकि वास्तव में यह मात्रा केवल 16.26 मी०$^3$ ही थी। इस प्रकार ठेकेदार को 8.11 मी०$^3$ मात्रा का 50/-रु० प्रति मी०$^3$ की दर से 405.50 रु० की राशि का अधिक भुगतान किया गया इस राशि की वसूली शीघ्र करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

[2] बिल की मद संख्या:4/4 [पृष्ठ-83] की मात्रा 24.52 मी०$^3$ का भुगतान 950/-रु० प्रति मी०$^3$ की दर से ठेकेदार को किया गया जिसमें माप पुस्तिका संख्या:7999.95 रु० पृष्ठ-59 के अनुसार 5.85 मी०$^3$ कार्य की प्रमात्रा भी सम्मिलित थी जबकि वास्तव में यह प्रमात्रा केवल 3.90 मी०$^3$ ही बनती थी। इस प्रकार ठेकेदार को 1.95 मी०$^3$ मात्रा का 950/-रु० प्रति मी०$^3$ की दर से मु०1852.50 रु० की राशि का अधिक भुगतान किया गया इस राशि की वसूली शीघ्र करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापित करवाई जाए।

[घ] सातवें चलत बिल तक ठेकेदार द्वारा 1390 सीमेन्ट की बोरियों की खपत की जा चुकी थी। कार्य अनुबन्ध की क्लाज 42[11] के अनुसार प्रत्येक चलत बिल के साथ ठेकेदार द्वारा Authorised Empty Cement bags Collecting अभिकर्ता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होता है जिसमें अभिकर्ता द्वारा ठेकेदार से प्राप्त खाली बोरियों की मात्रा दिखाई गई

लगातार पृ०..16/-

तो इस प्रमाण पत्र के अभाव में ठेकेदार के बिल में से कुल सीमेन्ट की खपत की गई बोरियों के 90% भाग की वसूली रु01/-रू0 प्रति खाली बोरी की दर से की जानी वांछित थी । लेकिन ठेकेदार के सातवें चलत बिल तक किसी भी चलत बिल के साथ उक्त वर्णित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं था ।अत: ठेकेदार से उक्त कार्य अनुबन्ध की शर्त 42(1) के अन्तर्गत रु01251/-रू0(1390 का 90%=1250×1रू0) की वसूली करना सुनिश्चित किया जाए ।

(ड.) उक्त कार्य हेतु हि0प्र0 आवास बोर्ड द्वारा विभिन्न ठेकेदारों से आईटम रेट संविदाएँ आमंत्रित की गई थी जिसके प्रत्युत्तर में ठेकेदार श्री बसंत सिंह राठौर से एनेक्चर "ए" की निम्नलिखित मद संख्या :1 को 50/-रू0 प्रति मी0$^3$ की दर से कार्यान्वित करने हेतु अनुबन्ध हुआ था :-

" Excavation in foundation trenches etc in earth work in all kinds of soil such as pick work, jumper work blasting work and chiselling/wedging out of hard and soft sock upto all hights stacking the excavated soil not more than 3 meters clear from the edge of excavation and then returning the staked soil in 15 Cms layers when required into plinths, sides of f foundation etc. consolidating each deposited layer by samming and watering and then disposing of all surplus excavated earth as directed by the Engineer--in-Charge in all leads and lifts."

उक्त मद के अवलोकन से स्पष्ट विदित है कि मिट्टी की खुदाई को अतिरिक्त खोदी गई मिट्टी में से शेष अतिरिक्त मिट्टी को असीमित दूरी तक फैंकने हेतु ठेकेदार को 50/-रू0 प्रति मी0$^3$ की दर से भुगतान देय था जिसके मद्देनजर ठेकेदार को खुदाई की गई मिट्टी की ढुलाई हेतु कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाना था । परन्तु इसके विपरीत कार्यकारी अभियन्ता द्वारा खुदाई की गई अतिरिक्त मिट्टी की मजदूरों द्वारा एवं यांत्रिक परिवहन द्वारा ढुलाई हेतु दो अतिरिक्त मदें अनियमित रूप से अनुमोदित की गई तथा सातवें चलत बिल तक बिल की मदद संख्या :21 व 22 (माप पुस्तिका सं:8000/95 पृष्ठ-38) द्वारा रु018148.20 रू0 का अनुचित भुगतान निम्न विवरणानुसार ठेकेदार को किया गया :-

| अतिरिक्त मद का विवरण | मात्रा | दर (प्रति मी0$^3$) | राशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 1. Casuage of meterial by manual labour including loading unloading 1/C stacking upto 150 meter load. Excavated earth | 172.84 M3 | 20/-(PR) 21/95(ER) | 3456.80 |
| 2. Carriage of material by mechanical transfort inpto 7 Km. load 1/C loading and unloading. Excavated Earth. | 172.84 M$^3$ | 85/-(PR) 89/10(ER) | 14691.40 |
| | | Total :- | 18148.20 |

Contd..p..17/-

अतः रु018148.20 रु0 के ठेकेदार को किए गए अनुचित भुगतान को या तो ठेकेदार से वसूल किया जाए अन्यथा इसकी वसूली सम्बन्धित दोषी अधिकारी से की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए ।

[ब] उक्त कार्य से सम्बन्धित टेंडर नस्ति संख्या: एच0बी0ई0/ए-2[398]/95 के पृष्ठ-142 के अवलोकन से विदित हुआ कि अधिशाषी अभियन्ता, हि0प्र0 आवास बोर्ड, कसौली शिमला ने पत्र संख्या:एच0बी0ई0/ए-2[398]95-4087-88 दिनांक 7 सितम्बर,1995 द्वारा ठेकेदार श्री बसंतसिंह राठौर को सूचित किया गया कि जे ब्लाक के साथ लगती भूमि के एक मालिक तथा "जे" ब्लाक के नीचे बने मकान के मालिक श्री सुधीर महाजन ने सूचित किया है कि लगातार वर्षा के कारण ब्लाक "जे" को नींव से खुदाई की गई मिट्टी के ढेर उक्त वर्णित निजि भूमि में ढह गई जिसके कारण सुधीर महाजन द्वारा अपने मकान की किनारे में निर्मित रिटेनिंग वाल नष्ट हो गई तथा जिस हेतु उन्होंने 1.01 लाख रुपये के नुकसान की राशि का दावा किया है । आगे अधिशाषी अभियन्ता ने ठेकेदार को यह भी स्पष्ट किया है कि उक्त वर्णित नुकसान भूमि को समतल करने तथा नींव में कालमोंकी खुदाई करने से खोदी गई मिट्टी को ढहने से रोकने हेतु निर्मित की गई रूकावटों के टूटने के कारण हुआ जो कि नहीं हुआ होता यदि मौके पर दी गई इस हिदायत को खुदाई के साथ-साथ ही खुदाई से निकली मिट्टी की ढुलाई की जाए, का ठेकेदार द्वारा कड़ाई से अनुपालन किया गया होता । अन्त में अधिशाषी अभियन्ता ने इस पत्र द्वारा ठेकेदार को परामर्श दिया कि चूंकि कार्य अनुबन्ध के अन्तर्गत निर्माण कार्य के दौरान होने वाले सभी नुकसान की जिम्मेवारी ठेकेदार की है इसलिए रिटेनिंग वाल की मुरम्मत के अतिरिक्त वर्णित निजी भूमि से मिट्टी की जमीन को अपने स्तर पर हटवा दें और यदि वह ऐसा करने में असफल रहे तो निजी भूमि के मकान मालिकों को भविष्य में यदि कोई मुआवजा देय होगा तो उसकी सारी जिम्मेदारी स्वयं उनकी [ठेकेदार] की होगी ।

[1] ठेकेदार से इसी प्रकार का अनुरोध सहायक अभियन्ता जो कि ब्लाक "जे" के निर्माण कार्य के प्रभारी थे, ने भी अपने पत्र संख्या:एच0बी0/ए0-1/सद्र्वेरी-वर्क्स/94-खण्ड-4 680-81 दिनांक 11.9.95 द्वारा किया था । उपरोक्त वर्णित पत्राचार से स्पष्ट है कि ठेकेदार द्वारा अधिशाषी अभियन्ता द्वारा उन्हें निर्माण स्थल पर दी गई सलाह को न मानने के कारण खुदाई की गई मिट्टी साथ लगती निजी भूमि में ढह गई और श्री सुधीर महाजन द्वारा निर्मित रिटेनिंग दीवार को नुकसान पहुंचा । अतः कार्य अनुबन्ध की सामान्य शर्तों [शर्त सं0:12 से 14 तक] के अन्तर्गत निर्माण कार्य के दौरान कार्य स्थल के साथ लगती निजी भूमि व भवनों को कोई भी नुकसान होगा, उसकी भरपाई की सारी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी । अतः उक्त पैरा 1 में हुए नुकसान की भरपाई /मुरम्मत का कार्य ठेकेदार श्री बसन्त सिंह राठौर द्वारा अपने स्तर पर किया जाना अपेक्षित था तथा हि0प्र0 आवास बोर्ड द्वारा इस

लगातार पृ0..18/-

सम्बन्ध में कुछ भी देय नहीं था परन्तु शिमला निर्माण मण्डल-1 के वर्ष 96-97 के अंकेक्षण के दौरान यह पाया गया कि उक्त नार्थित ब्लाक 'जे' के साथ लगती निजी भूमि से मिट्टी की उबरोज हटाने का कार्य मस्ट्रोल पर विभागीय लेबर से तथा रिटेनिंग वाल की मुरम्मत का कार्य श्री सोहन लाल शर्मा, ठेकेदार से कार्य आदेश द्वारा अनियमित रूप से पृथकता से निम्नलिखित विवरणानुसार करवाया गया :-

| क्र0सं0 | M/Roll/work order No.& Date | कार्य का विवरण | आ0यो0सं0 व तिथि | राशि रू0 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | M.Roll 157 of 10/95 | C/o 4 Nos Cat-II flats ('J'Block) (SH: Restroration of rain damages in H/C at strawberry Hill around 'J'Block i.e. removal of slips. | आयोजन बाo 18 मार्च 1/96 | 11895.00 |
| 2. | W.O No.10 of | Restoration of rain damages to MR.Mehajan's House below H.P. Housing Boards colony at S/berry Hills SHIMLA (Block'J') | 85 10.7.97 | 16597.00 |
| | | | Total :- | 28492.00 |

अत: आवास बोर्ड मण्डल द्वारा उक्त किए गए रू028492/-रू0 के अनियमित व्यय को ठेकेदार से वसूल करने के साथ-2 अनियमित भुगतान हेतु दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाए।

(ख) उक्त कार्य के टैंडर नस्तियों तथा अधिशाषी अभियन्ता के पत्र संख्या: एच0बी0ई0/ए-एन0आर0टी/94-7244 दिनांक 10.3.95 के अवलोकन से विदित होता है कि इस कार्य हेतु प्रथमत: निम्न लिखित विवरणानुसार ठेकेदारों से निविदाऐं प्राप्त हुई थी :-

| क्र0सं0 | ठेकेदार का नाम | Amount put to tender | ठेकेदार द्वारा quote किए गए दर की राशि | प्रतिशतता कितनी अधिक एच0पी0एस0आर से गई। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अजय गुप्ता | 5,35,762.00 civil work | 11,35,638.77 | 111.96% HPSR 1987 |
| | | 19,156.00 W&S SAE | 79,585.20 | 315.46 HPSR 1979 |
| | कुल | 5,54,918.00 | 12,15,224.97 | |
| 2. | श्री बलवन्त सिंह राठौर | 5,35,762 civil work | 13,29,373.92 | 148.12% HPSR 1987 |
| | | 19,156.00 W&S SAE | 63,533.20 | 231.66 HPSR 1979 |
| | | 5,54,918.00 | 13,92,907.12 | |
| 3. | श्री त्रिलोक सिंह | 5,35,762.00 civil work | 11,79,698.37 | 120.19% |
| | | 19,156.00 W&S SAE | 88,883.84 | 364% HPSR 1979 |
| | | 5,54,918.00 | 12,68,582.21 | |

लगातार पृ0..19/-

प्रथम काल में श्री अजय गुप्ता, ठेकेदार के दर न्यूनतम थे तथा चर्चा के
दौरान उन्होंने अपने दर कुल 27000/-रू0 तक कम करने माने थे यहाँ यह
भी वर्णनीय है कि उसके दर विभाग द्वारा तैयार किए गए दर विश्लेषण
12,25,399.00 ( civil work ),87761( W.S & S.I )
से कम थे परन्तु फिर भी उनके दर मुख्यालय के पत्र संख्या:एच0बी0
(डी0बी0)स्द्रावैरो हिल/शिमला/92-खण्ड-8 दिनांक 28.1.95 द्वारा
मण्डल कार्यालय को दुबारा संविदाएं आमंत्रित करने हेतु निदेश दिए गए
जिसकी अनुपालना में निम्नलिखित ठेकेदारों ने अपनी संविदाएं प्रस्तुत की

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री बसन्त सिंह राठौर | 13,15,068.96 civil work | 145.45% above HPSR,1987 |
| | 83,653.00 W.S & S.I | 336.69% above HPSR 1979 |
| 2. श्री त्रिलोक सिंह राठौर | 15,37,223.47 civil work | 186.72% above HPSR 1987 |
| | 78,157.00 W.S & S.I | 308% HPSR 1979 |
| 3. श्री मोहिन्द्र सिंह मलही | 14,20,879.64 civil work | 165.20% |
| | 85,456.00 W.S & S.I | 346.10% above HPSR,1979 |

संविदाकार से चर्चा उपरान्त कार्य श्री बसन्त सिंह राठौर को कुल
12,84,878.57 रू0 अर्थात civil work 12,12,905-57 रू० ( कार्य
(126.39%) तथा W.S & S.I
71973.00 रू0 (275.72% above HPSR,1979 ) पर आंवटित किया
गया जो कि प्रथम कॉल में श्री अजय गुप्ता, ठेकेदार द्वारा चर्चा उपरान्त
quoted दरों से 96,653.60रू0 (12,84,878.57-(12,15,224
.97-27000)) अधिक है जो कि वास्तव में निर्माण कार्य के पूर्ण होने पर
और भी अधिक हो सकता है। इसके अतिरिक्त द्वितीय कॉल में श्री
त्रिलोक सिंह राठौर ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत संविदा में civil work
हेतु quoted की गई लगभग 90% दरों (अंकों) में काटपीट तथा
over writing पाई गई तथा यदि काटपीट की गई दरों का
बारिकी से अवलोकन किया जाए तो उन द्वारा काटे गए दर श्री बसंत
सिंह राठौर से कम थे तथा यदि ये दर न काटे गए होते तो इस कार्य
का अनुबन्ध उन्हें मिला होता। आगे श्री बसन्त सिंह राठौर द्वारा
अपने ही सगे भाई उक्त श्री त्रिलोक सिंह राठौर को उक्त कार्य के
निष्पादन हेतु Power of Attorney बनाया (पृष्ठ-157 व 158
नस्ति संख्या:एच0बी0ई0/ए-2(398)/95
उक्त वर्णित तथ्यों के दृष्टिगत यह संशय उत्पन्न होता है
कि श्री बसंत सिंह राठौर ठेकेदार को अवांछित लाभ पहुंचाने हेतु पहले
प्रथम कॉल में श्री अजय गुप्ता की संविदा न्यूनतम होने पर भी जान
बूझकर अस्वीकृत की गई जिस कारण यह कार्य उच्चतम दरों पर श्री
बसंत सिंह राठौर ठेकेदार को आवंटित करके हि0प्र0 आवास बोर्ड को

लगभग 1.00 लाख रु० की अनुमानित हानि उठानी पड़ी तथा इससे ऐसा भी प्रतीत होता है कि इस प्रकरण में मिली भगत करके श्री त्रिलोक सिंह राठौर द्वारा संविदा अनुसार भरी गई दरों को काटपीट एवं over writing से उनके भाई श्री बसंत सिंह राठौर द्वारा quote की गई दरों से अधिक किया गया ताकि यह कार्य उच्च दरों पर आवंटित हो क्योंकि वैसे भी यह कार्य श्री त्रिलोक सिंह राठौर द्वारा बतौर in name of attorney श्री बसंत सिंह राठौर निष्पादित किया जा रहा है और इस सम्बन्ध में द्वारा भुगतान भी उन्हें ही किया जा रहा है। यह सम्पूर्ण प्रकरण बोर्ड के उच्चाधिकारियों के ध्यान में शीघ्र जांच हेतु लाया जाता है। इस सम्बन्ध में पूर्ण तथ्यों की छानबीन करके तथा बोर्ड को हुई हानि की राशि सहित, यदि कोई हो, दोषियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करके इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

13. <u>वाउचर संख्या 176 माह 3/97 द्वारा 58,482/-रुपये</u> की राशि श्री त्रिलोक चन्द संविदाकार को हॉली-डे-होम, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्य से सम्बन्धित प्रथम चालू बिल के रूप में भुगतान की गई।

अंकेक्षण के दौरान जांच करने पर पाया गया कि प्रथम चालू बिल तक किए गए निर्माण कार्य अनुसार सिमेन्ट की कुल खपत केवल 226 बोरियां सिमेन्ट ही बनती थी तथा तदानुसार संविदाकार के प्रथम चालू बिल में से 230 बोरियां सिमेन्ट की कीमत की वसूली की गई जो कि संविदाकार को आवास बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाई गई बताई गई।

अभिलेख की छानबीन करने पर पाया गया कि अवधि 31.3.97 तक इन्डैन्ट संख्या:3164 दिनांक 24.2.97 द्वारा इस निर्माण कार्य हेतु संविदाकार को आवास बोर्ड द्वारा केवल 180 बोरियां सिमेन्ट ही उपलब्ध करवाई गई थी। अतः यह स्पष्ट नहीं किया गया कि जब संविदाकार को केवल 180 बोरियां सिमेन्ट ही उपलब्ध करवाया गया था जो किए गए निर्माण कार्य की प्रमात्रा अनुसार सिमेन्ट की खपत 226 बोरियां किस आधार पर तैयार की गई थी। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि या तो किए गए निर्माण कार्य की प्रमात्रा को असल में किए गए कार्य की प्रमात्रा से अधिक दर्शाया गया था अथवा संविदाकार द्वारा सिमेन्ट से सम्बन्धित निपटाया गया कार्य त्रुटिपूर्ण था।

इस सन्दर्भ में सही तथ्यों की शीघ्र छानबीन करके तथा दोषी के विरूद्ध शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सहित अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

14. <u>वाउचर संख्या 45 माह 7/96 राशि 17842/-रुपये</u>

(क) वाउचर संख्या 45 माह 7/96 द्वारा 17842/-रु० की राशि श्री पंकज चौहान, संविदाकार को सैन्ट्रल जेल, कुड़ा में किचन ब्लाक के ऊपर छत डालने के कार्य से सम्बन्धित कार्य आदेश संख्या:3 वर्ष 1996-97 द्वारा भुगतान की गई। उक्त बिल की जांच करने पर पाया गया कि इस निर्माण कार्य पर उपयोग हेतु निम्नलिखित इन्डैन्टों द्वारा संविदाकार को निम्न सामान दिया गया दर्शाया था। परन्तु इस सामान की प्रविष्टि सम्बन्धित एम०एस०ए०/कन्ट्रैक्टर लैजर इत्यादि में नहीं दिखाई

गई । इसके अतिरिक्त उक्त कार्य आदेश वर्ष 1996-97 से सम्बन्धित था जबकि इस निर्माण कार्य पर उपयोग हेतु सामान वर्ष 1995 में जारी किया गया दर्शाया था । इस सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही करके पूर्ण तथ्यों से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए ।

| इन्डेन्ट संख्या | दिनांक | जारी किए गए सामान का विवरण | |
|---|---|---|---|
| 10848 | 14.7.95 | चैनल 100x50 = | 935 कि0ग्रा0 |
| | | एल आयरन हुक्स (50x50x6) = | 233 अदद |
| 11033 | 30.10.95 | सी0जी0आई शीटस = | 57 अदद |
| | | एल हुक्स = | 40 कि0ग्रा0 |
| 11034 | 25.11.95. | एम0एस0एंगल = | 1.01 क्विंटल |

(ख) अंकेक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि उक्त निर्माण कार्य से सम्बन्धित अनुमान लेबर दर पर तैयार किया गया था जबकि किसी भी निर्माण कार्य से सम्बन्धित अनुमान थ्रू दर पर तैयार किया जाना अपेक्षित है ताकि सम्बन्धित निर्माण कार्य पर होने वाले पूर्ण व्यय का अनुमान लगाया जा सके । यह अनुमान लेबर दर पर इसलिए तैयार किया गया ताकि निर्माण कार्य की लागत कम दर्शाकर यह कार्य "कार्य आदेश" आधार पर करवाया जा सके तथा उच्चतर अधिकारियों की स्वीकृति प्राप्त करने की बजाए मण्डलीय अधिकारी द्वारा ही स्वीकृति प्रदान की जा सके ।

यह गम्भीर अनियमितता उच्चाधिकारियों के ध्यान में शीघ्र उचित कार्यवाही हेतु लाई जाती है । इस निर्माण कार्य से सम्बन्धित अनुमान थ्रू दर पर तैयार करके तथा सक्षम अधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके आगामी अंकेक्षण पर प्रस्तुत किया जाए । इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इस निर्माण कार्य को टेण्डर मंगवा कर आवंटित करने के स्थान पर केवल कार्य आदेश आधार पर ही आवंटित करने पर आवास बोर्ड को कोई हानि तो नहीं उठानी पड़ी है

15. समायोजन वाउचर संख्या 4 मास 2/97 :-

इस समायोजन वाउचर द्वारा श्री गीता राम, कनिष्ठ अभियन्ता ने इंडेन्ट संख्या 11141 दिनांक 1.1.97 द्वारा स्टोर से निम्नलिखित सामान प्राप्त किया :-

| प्राप्त किए सामान का विवरण | सामान की मात्रा | सामान की कुल कीमत |
|---|---|---|
| 1. स्लाईडिंग डोर बोल्ट 250 एम0एम0 | 30 | 2876.70 रु0 |
| 2. टॉवर बोल्ट 250 एम0एम0 | 84 | 3376.80 रु0 |
| 3. टॉवर बोल्ट 100/150 एम0एम0 | 72 | 1950.48 रु0 |

यह सामान ट्राईसन होस्टल, मशोबरा के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त किया गया दर्शाया था । उक्त निर्माण कार्य के एम0ए0एस0 रजि0 की जांच करने पर पाया गया कि क्रम संख्या 1 तथा 2 पर दर्शाया गया सामान उक्त रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 20 पर दर्ज किया गया था जबकि क्रम संख्या :3 पर दर्शाया गया सामान एम0ए0एस रजिस्टर पर दर्ज नहीं था । यह एक गम्भीर अनियमितता थी तथा प्राप्त किए गए सामान को सम्बन्धित रजिस्टर में दर्ज न करने के कारण सामान का दुरुपयोग किया

लगातार पृ0..22/-

गया प्रतीत होता है । इस सम्बन्ध में दोषी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही के अतिरिक्त उक्त सामान की कीमत की राशि 1950.48 रु० की दोषी से शीघ्र वसूली करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए

16. आवास बस्ती संजौली में 24 अदद कैटेगरी-II फ्लैटों के निर्माण कार्य के एम०ए०एस० रजिस्टर पृष्ठ संख्या 28 के अवलोकन पर पाया गया कि 0.178 घन मीटर देवदार लकड़ी, जिसकी कुल कीमत 2644.50 रु० थी, इन्डैन्ट संख्या 11079 दिनांक 15.3.96, जिसका समायोजन वाउचर संख्या 36 माह 3/96 द्वारा किया गया था, ब्लाक संख्या 17 सैट न0:2 में दरवाजे के फ्रेम के निर्माण पर उपयोग की गई बताई थी । इस निर्माण से सम्बन्धित प्रविष्टियां माप पुस्तिका संख्या 8007 पृष्ठ संख्या 87 पर की गई थी । क्योंकि इस फ्लैट के निर्माण कार्य का ठेका संविदाकार को दिया गया था तथा उक्त अतिरिक्त दरवाजे का निर्माण फ्लैट के आबंटी के अनुरोध पर किया गया लगता है । अत: उक्त लकड़ी की कीमत तथा दरवाजे के निर्माण पर हुए कुल व्यय की वसूली फ्लैट के आबंटी से शीघ्र करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण पर दिखाई जाए ।

17. समायोजन वाउचर संख्या 2 माह 1/97 द्वारा श्री गीता राम कनिष्ठ अभियन्ता को इन्डैन्ट संख्या 11133 दिनांक 1.11.96 द्वारा स्टाक से जारी किए गए सामान का समायोजन किया गया । परन्तु सामान की प्राप्ति के उपलक्ष में सम्बन्धित एम०ए०एस० रजिस्टर अंकेक्षण पर उपलब्ध नहीं करवाया गया । सम्बन्धित अभिलेख आवश्यक जांच हेतु आगामी अंकेक्षण पर प्रस्तुत किया जाए ।

18. <u>वाउचर संख्या:76 माह 7/96 राशि 3087,997.00 रुपये</u>

संविदाकार : मै० गुरचरन इन्डस्ट्रीज

अनुबन्ध संख्या: 21 वर्ष 1995-96

कार्य : हाई सुरक्षा बैरक्स, सैन्टरल जेल कण्डा

SH: Development of site

---

उपरोक्त निर्माण कार्य से सम्बन्धित द्वितीय चलत बिल की जांच करने पर पाया गया कि द्वितीय चलत बिल के अनुसार कार्य की लागत रु० 2,26,866/-रु० हो चुकी थी । नियमानुसार संविदाकार के प्रत्येक बिल में से किए गए कार्य की कुल लागत पर 2% की दर से बिक्री कर काटा जाना अपेक्षित है परन्तु बिल में से 2% की दर से देय कुल 4537/-रु० की बिक्री कर के रूप में कटौती नहीं की गई । इस अनियमितता बारे दोषी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही के अतिरिक्त उक्त राशि को दोषी से शीघ्र वसूली करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण पर दिखाई जाए ।

19. <u>सामाजिक आवासीय बस्ती रोहड़ू</u>

कार्य का नाम : C/o 132 Nos MIG-I Houses & 35 Nos MIG-II Houses i/c Internal & External Services ( SH: C/o 12 Nos MIG-I Houses i/c Internal water supply & Sanitary Installations.

अनुबन्ध संख्या: 10 वर्ष 1996-97

उपरोक्त कार्य का आबंटन निर्माण मण्डल-I शिमला के कार्यालय के

पत्र संख्या :एचबोई/ए-2{433}/96- Social रोडडू/1204-11 दिनांक 28.6.96 द्वारा ठेकेदार श्री ओ0पी0 कामठा को कुल राशि 30,54,038..15 रू0 के लिए किया गया । इस कार्य से सम्बन्धित प्रथम चलत बिल से लेकर तृतीय चलत बिल के विस्तृत अंकेक्षण करने पर निम्न लिखित आपत्तियां पाई गई । :-

{क} तृतीय चलत बिल के दौरान ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य की लागत प्रविष्टियां माप पुस्तिका संख्या 10312/96 के पृष्ठ-34 से 38 तक दर्ज की गई थी । इस बिल द्वारा ठेकेदार को इन्डेण्ट संख्या 3215 दिनांक 14.3.97 द्वारा इस कार्य के निर्माण के दौरान प्राप्त हुए पत्थरों की जारी की गई 12.75 मी0$^3$ मात्रा की वसूली 77.05 रू0 प्रति मी0$^3$ की दर से कुल 982.38 रू0की गई जबकि यह वसूली वास्तव में निम्नलिखित विवरणानुसार कार्य आदेश संख्या 10 वर्ष 1996-97 के साथ संलग्न दर निर्धारण के आधार पर निम्न विवरणानुसार 103.03 रू0 बनती थी संविदाकार द्वारा आर0आर0 मैसनरी

1:8 के लिए भरी गई दर — Rs800 प्रति घन मीटर

मानक Rs सूचि की मद संख्या:11.4 की दर — 341.65 प्रति घनमीटर

प्रीमियम प्रतिशतता $\frac{800-341.65}{341.65}\times100 = 134.16\%$

मानक दर सूचि अनुसार साधारण पत्थरों की दर 44/-रू0 प्रतिघनमीटर

प्रीमियम प्रतिशतता 134.16%

पत्थरों की कीमत की वसूली हेतु दर =44+{134.16%आफ Rs 44}
=44+59.03=103.03

इस प्रकार ठेकेदार से पत्थरों की कीमत की वसूली राशि 982.38 रू0 की अपेक्षा 1313.63 रू0 { 12.75 प्रति घनमी0×103.03} बनती थी । अत: ठेकेदार से 331.25 रू0 की कम वसूली की गई राशि {1313.63-982.38} को तुरन्त वसूल करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापित करवाई जाए ।

{ख} तृतीय चलत बिल तक ठेकेदार द्वारा 650 सीमेन्ट की बोरियों की खपत की जा चुकी थी । कार्य अनुबन्ध की क्लॉज 42{11} के अनुसार प्रत्येक चलत बिल के साथ ठेकेदार द्वारा Authorise Cement bags collecting अधिकर्ता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होता है जिसमें अधिकर्ता द्वारा ठेकेदार से प्राप्त खाली बोरियों की मात्रा दिखाई गई हो । इस प्रमाण पत्र के अभाव में ठेकेदार के बिल में से कुल सीमेन्ट की खपत की गई बोरियों के 90% भाग की वसूली सु01/-रू0 प्रति खाली बोरी की दर से की जानी अपेक्षित थी परन्तु ठेकेदार के तृतीय चलत बिल तककिसी भी चलत बिल के साथ उक्त वर्णित प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं था । अत: ठेकेदार से उक्त कार्य अनुबन्ध की क्लॉज 42{11} के अन्तर्गत मुताबिक 585/-रू0 {650 का 90%=585×1/-रू0} की वसूली करना सुनिश्चित किया जाए ।

{ग} इस कार्य से सम्बन्धित अतिरिक्त एवं बदली हुई मदों के साथ-2 कार्य अनुबन्ध एवं चलत बिलों का विस्तृत अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित मदों को ठेकेदार से अतिरिक्त मदों के रूप में

लगातार पृ0..24/-

में निष्पादित करवाया गया था तथा तृतीय चलत बिल तक इन मदों के निर्माण हेतु प्रत्येक मद के समक्ष वर्णित राशियों का भुगतान किया गया था :-

| क्र०सं० | अतिरिक्त मद का विवरण | तृतीय चलत बिल तक निष्पादित मात्रा व राशि | |
|---|---|---|---|
| | | मात्रा | राशि |
| 1. | Cutting in Earth work and disposal of excavated earth with in 20 mtrs lead P/J work 50% each. | 1863.08 Cum. @Rs.54.95 | 102376.25 |
| 2. | Disposal of excavated earth by mechanical transport upto lead 1.00 Km. | 1797.60 Cum. Rs.64.45 | 115855.32 |

